पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) बिहार में खुदरा बिक्री केन्द्रों पर घटिया और अपमिश्रित डीजल/पेट्रोल की बिक्री के बारे में पिछले दो वर्षों के दौरान अभी तक दो शिकायतें प्राप्त हुई हैं जो नीचे दी गई हैं:

क्र० सं०	खुदरा बिक्री केन्द्र का नाम	की गई कार्रवाई
1.	हैपी सर्विस स्टेशन, गिरिडीह	एस/एच एस डी के नमूने लिए गए और प्रयोगशाला में उनका परीक्षण किया गया। एस एस निर्धारित विनिर्देश से भिन्न पाया गया। विपणन अनुशासन दिशानिर्देशों के अनुसार कारण बताओ नोटिस जारी करके और 10000 रुपये के अर्थदण्ड सहित 15 दिन के लिए बिक्रियां और आपूर्तियां स्थगित करके कार्रवाई की गई।
2.	मैसर्स ताराकांत ठाकुर रामाश्रय चौधरी, सुपौल, दरभंगा	एक औचक निरीक्षण किया गया और एच एस डी का एक नमूना लिया गया तथा प्रयोगशाला में उसका परीक्षण किया गया। नमूना निर्धारित विनिर्देशों पर खरा उतरा।

दिल्ली में रसोई गैस कनेक्शन के लिये प्रतीक्षा सूची

981. **श्री ईश दत्त यादव**: क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली में इस समय रसोई गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिये प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) सरकार इस प्रतीक्षा सूची को कब तक पूरा करने का विचार रखती है; और

(ग) 31 मार्च, 1999 तक दिल्ली में गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिये क्या लक्ष्य रखा गया है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) 1-4-1998 की स्थिति के अनुसार दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की तेल कम्पनियों के पास प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्तियों की संख्या लगभग 7.11 लाख थी।

(ख) आवेदकों को यथाशीघ्र एल पी जी कनेक्शन देने के प्रयास निरन्तर जारी हैं। वर्तमान उत्पादन स्रोतों की क्षमता में वृद्धि करके, नए संयंत्रों की स्थापना करके और विद्यमान तथा नई सुविधाओं के माध्यम से अधिक आयात द्वारा एल पी जी की अधिक उपलब्धता के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। पूरे देश में 2001-02 तक सारी प्रतीक्षा सूची निपटाने की योजना बनाई गई है।

(ग) एल पी जी कनेक्शन राज्य-वार आधार पर जारी नहीं किए जाते। नए एल पी जी कनेक्शन एल पी जी की उपलब्धता, एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरों के पास उपलब्ध स्लेक और उनकी व्यवहार्यता के आधार पर दिल्ली सहित पूरे देश में प्रतीक्षा सूची के प्रति चरणबद्ध ढंग से जारी किए जाते हैं।

Setting up of Oil Refinery near Paradip Port

982. SHRI NARENDRA PRADHAN: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to set up an oil refinery near Paradip Port; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINSITER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) and (b) IOC has a proposal to set up a 9 MMTPA refinery near Paradip in Orissa in Joint Venture with Kuwait Petroleum Corporation (KPC), at an estimated cost of Rs. 8074 crores including foreign exchange component of Rs. 2396 crores (December 1997 prices). The IOC equity contribution in the project would be 26%. The proposal was considered in the PIB Meeting held on 29th May, 1998.

Government has also given án LOI to M/s. Ispat Industries Limited to set up a